# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


Ref:....................                                                                 Date:..........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (03.05.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:03.05.2025, PAGE-09

## 16 से होगी स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा, तीन मई से प्रैक्टिकल

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में स्नातक की पार्ट टू की विशेष परीक्षा 16 मई से होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने शुक्रवार को परीक्षा का शेड्यूल जारी किया। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 1 से शाम चार बजे तक होगी। मुख्य विषय की परीक्षा 16 से 20 मई तक और सब्सिडियरी विषय की परीक्षा 21 से 29 मई तक होगी। परीक्षा में 21 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। स्पेशल परीक्षा का प्रैक्टिकल तीन मई से शुरू होगा। परीक्षा के लिए चार ग्रुप बनाये गये हैं। उधर, बीआरएबीयू में स्नातक के चौथे सेमेस्टर सत्र 2023-27 की कक्षाएं सभी कॉलेजों में शुरू हो गईं। विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने दो दिन पहले कक्षा शुरू करने का निर्देश जारी किया था। स्नातक फोर्थ सेमेस्टर में छात्रों को अतिरिक्त विषय के तौर पर एनसीसी, एनएसएस, एनजीओ और सोशल वर्क की पढ़ाई करनी होगी।

## बीआरएबीयू के पीजी के छात्रों का रॉल नंबर जारी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के पीजी सत्र 2024-26 के छात्रों का रॉल नंबर जारी कर दिया गया। एडमिशन होने के बाद इन छात्रों का रॉल नंबर नहीं दिया गया था। मार्च में ही पीजी का नामांकन पूरा हो गया था और 16 अप्रैल से पीजी के छात्रों की कक्षाएं चल रही थीं। रॉल नंबर नहीं जारी होने से छात्रों की उपस्थिति बनाने में काफी परेशानी हो रही थी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:03.05.2025, PAGE-02

# स्पेशल टीडीसी पार्ट–टू परीक्षा में शामिल होंगे 14 हजार विद्यार्थी

**16** मई से होगी परीक्षा विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में होने वाली स्पेशल टीडीसी पार्ट टू की परीक्षा में 14 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। विभाग ने शुक्रवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्पेशल परीक्षा 16 मई से शुरू होगी। आनर्स विषयों की परीक्षा 20 मई तक दोनों पालियों में होगी। पहली पाली नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली एक से चार बजे तक होगी। परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों को चार ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप ए में राजनीति विज्ञान, संस्कृत, संगीत, अर्थशास्त्र, उर्दू, एलएसडब्ल्यू, बांग्ला और इलेक्ट्रानिक्स, ग्रुप बी में केमिस्ट्री, कामर्स, पीके एंड जे, पर्शियन, भौतिकी, होम साइंस और भूगोल, ग्रुप सी में इतिहास, भोजपुरी, जूलाजी, गणित, मैथिली, ग्रुप डी में समाजशास्त्र, एआइएच एंड सी, बाटनी, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र और हिंदी को शामिल किया गया है। दूसरी ओर सहायक विषयों की परीक्षा 21 से 29 मई तक होगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि स्पेशल टीडीसी पार्ट टू की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अगले सप्ताह से परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा।

**परीक्षा के लिए बनाए जाएंगे छह केंद्र :** विश्वविद्यालय की तैयारियों के अनुसार परीक्षा के लिए छह केंद्र बनाए गए हैं। जिले में दो केंद्र होंगे। इसके लिए डा. आरएमएलएस कालेज और नीतीश्वर महाविद्याय में केंद्र होंगे। वहीं वैशाली जिले में जेएल कालेज को केंद्र बनाया गया है। सीतामढ़ी में उर्मिला देवी सदनंद यादव गुरुकुल डिग्री कालेज डुमरा में सेंटर बनाया गया है। पूर्वी चंपारण के पीयूपी कालेज मोतिहारी और पश्चिम चंपारण में आरएलएसवाई कालेज बेतिया का चयन केंद्र के रूप में किया गया है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:03.05.2025, PAGE-04

## प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए एक्सपर्ट की होगी नियुक्ति

**मुजफ्फरपुर.** प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय एक्सपर्ट की नियुक्ति करेगा. टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा में इसका पालन होगा. विवि की ओर से एक वाह्य परीक्षक की नियुक्ति होगी. साथ ही कॉलेजों के प्राचार्य अपने स्तर से एक आंतरिक परीक्षकों की नियुक्ति करते हुए प्रायोगिक परीक्षा का शांतिपूर्ण संचालन करेंगे. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल ने सभी कॉलेजों को इसके लिए निर्देश जारी किया है. कहा है कि प्रैक्टिकल परीक्षा 10 मई तक निर्धारित कॉलेजों में होनी है. परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा का मार्क्स फाइल की दो प्रति सील बंद लिफाफे में विवि परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे.

## पीजी इतिहास विभाग में 15 को राष्ट्रीय सेमिनार

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी इतिहास विभाग में 15 मई को राष्ट्रीय सेमिनार होगा. सेमिनार का आयोजन विवि के इतिहास विभाग और काशी प्रसाद जायसवाल रिसर्च इंस्टीट्यूट पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है. भारतीय स्वाधीनता के लिए संघर्षरत संग्रामी और नेताओं के योगदान का इतिहास - एक पुनर्विचार पर आयोजित सेमिनार में विशिष्ट वक्ता के रूप में दिल्ली विवि के राजधानी कॉलेज के प्रो जेएन सिन्हा शामिल होंगे. वहीं रवींद्र भारती विवि के प्रो हितेंद्र पटेल बीज वक्तव्य देंगे. सेमिनार के लिए कुलपति प्रो डीसी राय को संरक्षक बनाया है. वहीं पीजी इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो रेणु संयोजक हैं.